स्रोत - जनसत्ता
दिनांक - 16.05.2018
पृष्ठ संख्या - 16

विमान के वॉशरूम में मिला 1.15 करोड़ का लावारिस सोना

इंदौर, 15 मई (भाषा)।

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआइ) ने स्थानीय देवी अहिल्याबाइ हवाई अड्डे पर खड़े एक विमान के वॉशरूम से सोने की 30 सिल्लियां लावारिस हालत में बरामद की हैं। तस्करी के जरिए लाई गई धातु की 3.5 किलोग्राम वजनी खेप की कीमत लगभग 1.15 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

हवाई अड्डे के एक आला अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अवैध सोने की यह खेप जेट एअरवेज की उड़ान (9डब्लू 793) के सोमवार रात 11 बजे के आस-पास दिल्ली से इंदौर पहुंचने के बाद विमान के वॉशरूम से बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि इंदौर पहुंचने के बाद विमान से सभी यात्री नीचे उतर चुके थे और एअरलाइन के सुरक्षा अधिकारी इसकी नियमित जांच कर रहे थे।

तभी एक कर्मचारी ने विमान के वॉशरूम में सोने की सिल्लियां देखीं। इसके बाद डीआरआइ के अधिकारियों को मामले की सूचना दी गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर इस खेप को जब्त किया।

डीआरइआइ के एक अधिकारी ने बताया कि वजन कराने पर 30 सिल्लियों का कुल वजन 3.5 किलोग्राम के आसपास निकला। मामले की विस्तृत जांच जारी है।